• खरीददारी...

बेहतरीन फर्नीचर...

घर के फर्नीचर की खरीददारी के दौरान हमारी नजर पहले फर्नीचर की खूबसूरती व उसकी कीमत पर जाती है। लेकिन इन दो बातों पर गौर करके आप बेहतरीन फर्नीचर का चयन नहीं कर पाएंगे। तो चले जाने बेहतरीन फर्नीचर खरीदने के तरीके।

- अक्सर अच्छी लकड़ी से बनाया गया फर्नीचर बहुत भारी होता है। फर्नीचर को जांचने के लिए उसे उठा कर देखें। फर्नीचर का चयन अपने घर या कमरे के आकार के हिसाब से करें। खरीदने से पहले फर्नीचर पर बैठ कर जरूर देखें ताकि आप यह अंदाजा लगा सकें कि यह कुर्सी या सोफा बैठने के लिए कितना आरामदायक है।
- पोलिशिंग से लकड़ी में चमक आती है लेकिन अधिक पोलिशिंग छिद्रों को छिपाने के लिए की जाती है। पेन्ट से अक्सर लकड़ी पर ब्रश के निशान छूट जाते हैं तथा यह लकड़ी को इतना मुलायम भी नहीं बनाता है। जबकि पोलिशिंग

लकड़ी को हमेशा के लिए नया बनाए रखता है। बेंत की बनी चीजें ज्यादा मजबूत होती हैं एवं इन्हें बनाने वाले अपनी हस्तकला में पूरी तरह निपुण होते हैं।

- कुशन काफी आरामदायक तथा उसकी बनावट बहुत खूबसूरत होनी चाहिए। कुशन बहुत नर्म होने चाहिए तथा इसके लिए इसमें इस्तेमाल होने वाली रुई पर ध्याद दें। एक भारी व बड़े कुशन का चयन ना करें। कमरे में एक अनाकर्षक कुशन की कई अहमियत नहीं होती।
- फर्नीचर को खरीदते समय सिर्फ उसकी खूबसूरती पर ही फिदा ना हों बल्कि उसे दाएं-बाएं से अच्छी तरह देखें। लकड़ी पर की गई कारीगरी पर भी ध्यान दें एवं फर्नीचर को बनाने के लिए लगाए गए पेंच पूरी तरह से टाइट होने चाहिए।
- खूबसूरत बनावट, परिष्करण, सीधी वेल्डिंग, हार्डवेयर के काम को छिपाती लकड़ी की सुंदरता एक अच्छे गुणवत्ता वाले फर्नीचर की पहचान है। इसके अलावी, फर्नीचर पर लगाए गए नट, स्क्रू व बोल्ट भी फर्नीचर पर की गई पोलिश के रंग में रंगों होने चाहिए।

• सफाई...

ऐसे इस्तेमाल करें पुराने कार्पेट...



घर को सजाने और संवारने के लिए हम सभी ट्रेडिशनल और मॉर्डन लुक वाले कार्पेट या कालीन का बेहतरीन इस्तेमाल करते हैं। कालीन की मदद से रूम भरा हुआ और आर्टिस्टक लुक में नजर आता है। हर घर की शोभा बढ़ाने वाले यह कार्पेट्स आते भी बड़े महंगे हैं। ऐसे में जब यही कार्पेट पुराने हो जाते हैं तो समझ नहीं आता कि इनका क्या किया जाए। इन्हें फेंक दें, किसी जरूरतमंद को दें या फिर इसका रीयूज करें? असल में देखा जाए तो इन कार्पेट को भी रीयूज करने के बेहतरीन ट्रिक्स हैं, जिन्हें अपनाकर आप भी पुराने पड़ी कालीन को नया लुक दे सकते हैं।

- पुराने कार्पेट से टी कोस्टर बनाना सबसे पुराना रीयूज करने का तरीका है। इसके लिए अगर आपका कार्पेट वजन में हल्का है और चौड़ाई में ज्यादा नहीं है तो आप जरूरत के हिसाब से कॉर्क और जूट का बेस लगा सकते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो इससे डाइनिंग टेबिल कॉस्टर भी तैयार कर सकते हैं, जिसके ऊपर आप गर्मा-गर्म खाना रखकर परोस सकते हैं। बनाएं छोटे रग जी हां, आप चाहें तो पुराने कालीन की साइज कम कर, अपनी इच्छा के अनुसार डिजाइन में काटकर छोटे छोटे रग बना सकते हैं। इन्हें आप बच्चों के कमरों में सांइड रग की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तरह आप एक ही कार्पेट से अपने घर के लिए रग का सेट तैयार कर सकते हैं।
- कारपेट्स को छोटे छोटे साइज में काटकर गमले के नीचे भी लगाया जा सकता है। असल में जब हम पौधों को पानी देते हैं तो बहुत बार पानी बह जाता है और मिट्टी भी निकल जाती है, जिससे कमरे में गंदगी फैल जाती है। ऐसे में मिट्टी और पानी दोनों को ही सोखने के लिए कार्पेट का इस्तेमाल करना बेहतरीन विकल्प है। बाद में इन्हीं कारपेट्स को रेग्युलर टाइम गैप के साथ आसानी से धो भी सकते हैं। बनाएं पायदान जरा सोचिए कि कैसा हो कि आपके घर के सभी पायदान एक ही कलर थीम के हों? यह कलर कॉर्डीनेट का आइडिया बेहतरीन और इंट्रस्टिंग है। आप चाहें तो पुराने कालीन से अलग अलग तरह की डिजाइन में पायदान बनाकर एक ही रंग की पाइपिन या बॉर्डर बना सकते हैं।
- अगर आपके घर पर कोई पेट है तो, पुराना कालीन उसके लिए बड़े काम का साबित हो सकता है। बस इसके लिए आपको पेट हाउस की शेप और साइज के अनुसार कालीन को काटना होगा। फिर आप उसे डिजाइन कर लें और उसके अदंर दरी बिछा दें या फिर उसे कंबल के तौर भी ओढ़ा सकते हैं। इससे आपके पेट को सर्दियों में गर्माहट भी मिलेगी।



• कैसा हो...

छोटे बेडरूम में फर्नीचर...

हम आपके सामने कुछ ऐसे सुझाव प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसमें छोटे बेडरूम को सजाने के लिये बहुत ही सिंपल टिप्स दिये जा रहे हैं। इससे ना केवल आपका साइज में बड़ा दिखाई देगा बल्कि आरामदायक भी होगा।

वॉल पेंट- दिवारों पर कोई ऐसा पेंट चुनें जो रात को शांति प्रदान करे और दिन में फ्रेशनेस का एहसास दिलाए। छोटे बेडरूमों में सफेद, क्रीम और बिंज पेंट ज्यादा खिलते हैं। डार्क रंगों का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करना चाहिये।

सही लाइटिंग : अपने बेड के पास लाइट फिक्स करें। आप जमीन पर लैंप ना रख कर उसे सीलिंग से हैंग कर सकती हैं। इससे आपकी काफी जगह बचेगी।

बेड- बेडरूम के साइज का ख्याल रखते हुए बेड का चुनाव करें। ऐसा बेड खरीदें, जिसके अदंर काफी समान आ सके। इसके अलावा आप फोल्ड करने वाले बेड का भी चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके बेडरूम में काफी जगह बढ जाएगी।

कैबिनेट- एक हाई लेवल का कैबिनेट खरीदें, जिसमें काफी सारी जगह उपलब्ध हो। कैबिनेट में कपड़े और अन्य वस्तुएं रखने के लिये जगह बहुत जरूरी है।

• सजावट की वस्तुएं...

अक्सर लड़कों का कमरा अव्यवस्थित व गंदा रहता है। परिवार के साथ रहते समय घर की महिलाएं उनके कमरे को साफ कर देती है। साफ घर अच्छा लगता है लेकिन खाली घर बोरियत फैलाता है। घर को आकर्षक बनाने के लिए कमरे में कुछ पेंटिंग व शो पीस रखें। इसके अलावा, खिडकियों पर पर्दे डालें और अगर आप किताबों के शौकीन हैं तो घर में एक बुक शेल्फ के लिए भी स्थान बनाएं। पूरे घर को एक ही रंग के पेंट से रंगने के बजाय अलग-अलग रंगों से रंगे।